भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता-एमआईएस

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं दायित्व

1. तिमाही प्रकाशन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों से एमआईएस रिपोर्टों का संकलन, संचयन और विश्लेषण।
2. परिणामी बजट तथा आउट-पुट आउट-कम फ्रेम वर्क के लिए रिपोर्टें तैयार करना।
3. विभिन्न संकेतकों और अपेक्षाओं का उपयोग करते हुए जिलों और राज्यों के लिए कार्योन्मुख निगरानी की योजना बनाना।
4. नए एमआईएस प्रारूप तैयार करना और एमआईएस प्रकाशन के लिए सहायता करना।
5. संसाधन प्रलेख तैयार करने के लिए तकनीकी सूचना देना।
6. एनएचएम-एमआईएस वेब अनुप्रयोग और पीआईपी सॉफ्टवेयर का प्रबंधन।
7. एनएचएम में स्वतंत्र राष्ट्रीय मॉनीर्ट्स की पैनलबद्धता से संबंधित मामलों का प्रबंधन।
8. समय - समय पर सौंपे जाने वाले कोई अन्य कार्य।

पात्रता

शैक्षिक योग्यता	1. स्वास्थ्य प्रबंधन/सांख्यिकी/स्वास्थ्य से संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री और सरकारी संगठन (केन्द्रीय/राज्य) में डेटा की देखरेख/डेटा विश्लेषण में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव 2. एमएस-वार्ड, एक्सेल, पॉवर प्वाइंट और वेब सरफिंग जैसे आम रूप से प्रयुक्त होने वाले पैकेजों सहित कंप्यूटर में दक्षता 3. तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्य और जिलों के दौरे करने हेतु तत्परता और कार्यों की समय-सीमा की पूर्ति हेतु विभिन्न कार्य के साथ-साथ करने की क्षमता।
अनुभव के वर्ष	एक (1) वर्ष का संबंधित अनुभव
आयु	35 वर्ष से अधिक नहीं
पद की संख्या	एक (1)
पारिश्रमिक (समेकित)	रु. 60,000/- प्रतिमाह

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **21-Aug-2019** तक nhm.recruitments@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।